Govt.of MadhyaPradesh

मध्य प्रदेश शासन

Office of the Field Director

Panna Tiger Reserve

Panna, Madhya Pradesh, (India)

Phone No. +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120
E-mail: fdptr82@gmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

Panna Tiger Reserve

पन्ना टाईगर रिजर्व

प्रेस नोट

बाघ प्रबन्धन के अध्ययन हेतु रूस का दल पहुंचा पन्ना

पन्ना देश–विदेश के ''बाघ अध्ययन शिक्षण केन्द्र'' के रूप में विकसित होकर बुन्देलखण्ड एवं विन्ध्य क्षेत्र को गौरान्वित करेगा

वर्तमान में पन्ना टाइगर रिजर्व देश का ही नहीं, बल्कि विदेशी मुल्क के वन/वन्यप्राणी अधिकारियों के लिए एक प्रशिक्षण केन्द्र साबित हो रहा है। पूर्व में वर्ष 2012 में विश्व बैंक के ग्लोबल टाइगर इनीसियेटिव (GTI) कार्यक्रम के अन्तर्गत एक विदेशी दल ने 03 दिन का अध्ययन प्रवास पन्ना टाइगर रिजर्व में किया था। अब दिनांक 26.02.2014 से 1.03.2014 तक 06 सदस्यीय रूस का अध्ययन दल (वन एवं वन्यप्राणी अधिकारी) पन्ना टाइगर रिजर्व के बाघ प्रबन्धन से सम्बन्धित अलग–अलग पहलुओं का अध्ययन करने पन्ना पहुंच गया है। यह अध्ययन दल ग्लोबल टाइगर फोरम (GTF) के **''टाइगर वाच प्रोग्राम''** (Tiger Watch Program) के अन्तर्गत 04 दिवसीय अध्ययन प्रवास पर पधार चुके हैं। इस अध्ययन प्रवास के दरम्यान बाघ पुनर्स्थापना योजना से सम्बन्धित बाघ पुनर्स्थापना, अनुश्रवण, रेडियो टेलीमेट्री अनुश्रवण, बाघ को बेहोश करना, रेडियो कालर पहनाना, वन्यप्राणी स्वास्थ्य सम्बन्धी मुद्दे, साइन सर्वे, वन्यप्राणी सुरक्षा एवं ग्रामीणों से सम्बन्धित अलग–अलग पहलुओं के बारे में अध्ययन करेंगी। इस दल का नेतृत्व Ms. Skripnik Tatiana करेंगे। अध्ययन से सम्बन्धित अलग–अलग विषयों का रिसोर्स पर्सन्स की टीम का नेतृत्व श्री आर. श्रीनिवास मूर्ति, क्षेत्र संचालक, पन्ना टाइगर रिजर्व एवं डा. के रमेश भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून करेंगे। उल्लेखनीय है कि पन्ना बाघ पुनर्स्थापना योजना के द्वितीय चरण में पन्ना को **''बाघ शिक्षण केन्द्र''** के रूप में विकसित करने की परिकल्पना की गई है। अब पन्ना प्रदेश का ही नहीं बल्कि देश–विदेश के बाघ अध्ययन केन्द्र को मूर्त रूप देते हुए बुन्देलखण्ड एवं विन्ध्य क्षेत्र व मध्य प्रदेश को गौरान्वित कर रहा है।

''जय हिन्द''

दिनांक – 26.2.2014

क्षेत्र संचालक
पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना